@Shahjahanpurpol

प्रेस नोट- सराहनीय कार्य 25.03.2023

थाना निगोही पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

दो नफर अभियुक्त गण को हत्या में प्रयुक्त स्कार्पियो गाडी सहित किया गिरफ्तार

श्री एस0 आनन्द पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध रोकथाम एवं अवैध शस्त्र निर्माण एंव अवैध शस्त्रों का कारोबार करने वाले क्रियाशील एंव चिन्हित किये गये अपराधियो,वांछित एंव वारंटी अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी एवं अपराध की रोकथाम के अभियान के क्रम में श्री सुधीर जायसवाल पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के पर्यवेक्षण एंव श्री अमित चौरसिया क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में थाना निगोही पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 19.01.2023 को वादी श्री मदनपाल पुत्र मुन्नालाल निवासी ग्राम विक्रमपुर चकौरा थाना निगोही जनपद शाहजहांपुर के द्वारा थाना हाजा पर तहरीरी सूचना दी गयी थी कि वादी का भतीजा विनोद कुमार पुत्र रुकम सिंह दिनांक 19.01.2023 को साय करीब 5 बजे जब निगोही से अपने गांव वापस लौट रहा था तो अण्डखेडा चौराहे के पास सफेद रंग की स्कार्पियो के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर वादी के भतीजे विनोद कुमार की बाईक में टक्कर मारकर उसे गम्भीर रुप से घायल कर दिया था ,विनोद की मेदान्ता अस्पताल बरेली में ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गयी थी। इस सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 29/2023 धारा 279/304A/427 भादवि बनाम अज्ञात स्कार्पियो चालक पंजीकृत होकर विवेचना उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार द्वारा प्रारम्भ की गयी थी।

आज दिनांक 25.03.2023 को जब थाना निगोही पुलिस उपरोक्त स्कार्पियो गाडी व अभियुक्तो की तलाश में थी तो मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम ऊनकला तिराहा , बीसलपुर रोड थाना क्षेत्र निगोही से उपरोक्त घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो गाडी नं0 UP93Q-7178 को बरामद कर अभियुक्तगण 1. नन्दकिशोर पुत्र नेमसिंह , 2. होशियार सिंह पुत्र राधेश्याम निवासीगण ग्राम विक्रमपुर चकौरा थाना निगोही जिला शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया गया तथा घटना में शामिल तीसरा अभियुक्त पप्पू पुत्र वेदराम निवासी उपरोक्त मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार दोनो अभियुक्तो ने जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि दिनांक 15.02.2022 को अभियुक्त नन्दकिशोर उपरोक्त के छोटे सगे भाई सुधीर कुमार पुत्र नेमसिंह की राजेश्वर सिह पुत्र रघुनाथ सिंह आदि के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी , इस घटना में मृतक विनोद कुमार पुत्र रुकम सिंह ने राजेश्वर सिंह पार्टी का साथ दिया था तथा घटना के बाद भी मृतक सुधीर कुमार के परिजनो पर तरह तरह के तन्ज करता रहता था। इसलिए उपरोक्त तीनो अभियुक्तगण ने पूर्व मृतक सुधीर कुमार की हत्या का बदला लेने के लिए आपस में षडयंत्र करके विनोद कुमार की एक्सीडेंट के द्वारा हत्या करने की योजना बनाई थी और योजना के मुताबिक दिनांक 19.01.2023 को इस घटना को अन्जाम दिया गया था। इस घटना में अभियुक्तो की स्कार्पियो गाडी का बम्फर व चालक साईड की हेडलाईट क्षतिग्रस्त हो गये थे , जिन्हे साक्ष्य छिपाने की नियत से अभियुक्तो नें गाडी में नया बम्फर व हेडलाईट डलवायी थी , लेकिन गिरफ्तारी के उपरान्त अभियुक्तो की निशादेही पर टूटे बम्फर व हेडलाईट को बरामद कर लिया गया है , जिन्हे घटना स्थल से बरामद बम्फर व हेडलाईट के टुकडो से मिलान के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जायेगा। विवेचना में गिरफ्तारी व घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो गाडी की बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग को धारा 279/302/201/120बी/427 भादवि में तरमीम करके गिरफ्तार दोनो अभियुक्तो को जेल भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त गण का नाम व पता

1. नन्दकिशोर पुत्र नेमसिंह निवासी ग्राम चकौरा थाना निगोही जिला शाहजहांपुर
2. होशियार सिंह पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम चकौरा थाना निगोही जिला शाहजहांपुर

फरार अभियुक्त का नाम व पता

1. पप्पू पुत्र बेदराम निवासी ग्राम चकौरा थाना निगोही जिला शाहजहांपुर

थाना हाजा पर पंजीकृत अभियोग

मु0अ0सं0 29/2023 धारा 279/302/201/120बी/427 भादवि थाना निगोही शाहजहांपुर

अभियुक्त गण से बरामद माल

घटना मे प्रयुक्त स्कार्पियो गाडी व दो मोबाईल फोन एवं टूटा हुआ बम्फर व हेडलाईट बरामद।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त नन्दकिशोर पुत्र नेमसिंह

1. मु0अ0सं0 29/2023 धारा 279/302/201/120बी/427 भादवि थाना निगोही जिला शाहजहांपुर

आपराधिक इतिहास अभियुक्त होशियार सिंह पुत्र राधेश्याम

1.मु0अ0सं0 29/2023 धारा 279/302/201/120बी/427 भादवि थाना निगोही जिला शाहजहांपुर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1. रवीन्द्र सिंह , प्रभारी निरीक्षक , थाना निगोही जिला शाहजहांपुर
2. उ0नि0 प्रदीप कुमार , थाना निगोही जिला शाहजहांपुर
3. का0 824 राजेश कुमार , थाना निगोही जिला शाहजहांपुर
4. का0 2105 संकित यादव , थाना निगोही जिला शाहजहांपुर
5. का0 2564 चाँद अली , थाना निगोही जिला शाहजहांपुर
6. का0 2620 मुकेश कुमार पन्त , थाना निगोही जिला शाहजहांपुर